Ans. (d) :

सीमेंट उद्योग		स्थान
(a)	जे.के. सीमेंट	निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)
(b)	मंगलम सीमेंट	मोरक (कोटा)
(c)	श्री सीमेंट	ब्यावर (अजमेर)
(d)	बिड़ला व्हाइट	गोटन (नागौर)

2039. वर्तमान में राजस्थान में कौन सी संस्था उद्योगों के लिए मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराती है?

(a) RIICO (b) DIC
(c) RFC (d) RAJSICO

स्टोनो ग्राफर भर्ती परीक्षा -2019
संगणक भर्ती परीक्षा -2021(दिसम्बर 2021)
Head Cleark Combined Exam-2018
RPSC- 1992

Ans. (a) : वर्तमान में राजस्थान में RIICO संस्था उद्योगों के लिए मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराती है। राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) की स्थापना 1980 ई. में की गई थी। इसका मुख्यालय जयपुर में है। इसका उद्देश्य राजस्थान में औद्योगिक आधारभूत ढाँचे के विकास, मध्यम वर्ग व वृहद उद्योगों को ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें तकनीकी सहायता उपलब्ध कराकर औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करना है।

2040. निम्न में से किन स्थानों पर चमड़ा आधारित लघु उद्योग स्थित हैं?

(a) बीकानेर और जैसलमेर (b) कोटा और गंगानगर
(c) जयपुर और जोधपुर (d) पाली और अलवर

स्टोनो ग्राफर भर्ती परीक्षा -2019
Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (c) : राजस्थान में जयपुर और जोधपुर में चमड़ा लघु उद्योग स्थित है। मोजड़ी ओर नारंगी जूतियाँ जोधपुर की प्रसिद्ध है। नागरी और कामदार जूतियाँ जयपुर की प्रसिद्ध है। कामदार सबसे मंहगी जूतियाँ है।

2041. एचपीसीएल, राजस्थान रिफाईनरी लिमिटेड कहाँ स्थित है?

(a) बाड़मेर (b) जोधपुर
(c) जालौर (d) बूंदी

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : राजस्थान के बाड़मेर जिले के बालोतरा के पास पचपदरा गांव में HPCL तथा राजस्थान राज्य सरकार की सम्मिलित भागीदारी में राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड की नींव सितम्बर, 2013 में रखी गयी थी, जिसे 2018 में प्रारम्भ किया गया। इसमें 26% राज्य सरकार तथा 74% HPCL की भागीदारी है।

2042. इसवगोल का मुख्य उत्पादक जिला कौन सा हैः

(a) उदयपुर (b) जालौर
(c) गंगा नगर (d) भरतपुर

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (b) : राजस्थान में इसवगोल का सर्वाधिक उत्पादन जालौर जिले में होता है। इसके अलावा बाड़मेर भी इसवगोल का प्रमुख उत्पादक जिला है। इसवगोल की भूसी बीजों से प्राप्त होती है। इसवगोल का जन्मस्थान मिस्त्र तथा ईरान माना जाता है।

2043. राजस्थान में सफेद सीमेन्ट के लिए कौन सी जगह प्रसिद्ध हैः

(a) कोटा (b) भीलवाड़ा
(c) गोटन (d) पुष्कर

RPSC RAS/RTS 1999-2000
Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (c) : राजस्थान का प्रथम सफेद सीमेंट का कारखाना 1984 ई. में नागौर के गोटन नामक स्थन पर जे.के. बिरला व्हाइट सीमेंट कंपनी द्वारा लगाया गया था। राजस्थान का सबसे बड़ा सफेद सीमेंट का कारखाना जोधपुर जिले की खरिया खांगर नामक स्थान पर स्थित है।

2044. राजस्थान का ग्रेनाइट उद्योग का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

(a) जयपुर (b) मकराना
(c) जालौर (d) किशनगढ़

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (c) : राजस्थान में ग्रेनाइट उद्योग का महत्वपूर्ण क्षेत्र जालौर में है। जालौर को ग्रेनाइट सिटी भी कहा जाता है। जालौर के अतिरिक्त बाड़मेर, झुंझुंनू, पाली, अजमेर, सीकर आदि जिलों में ग्रेनाइट मिलता है।

2045. राजस्थान का पहला स्पाईस (मसाला) पार्क स्थापित किया गया था-

(a) उदयपुर में (b) कोटा में
(c) जयपुर में (d) जोधपुर में

Agriculture Superviser 2021

Ans. (d) : राजस्थान का पहला मसाला (Spices) पार्क जोधपुर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री आनन्द शर्मा और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 27 करोड़ रूपये की लागत से बने पार्क को राष्ट्र को समर्पित किया। यह पार्क जोधपुर के पास मथनियाँ के रामपुरा भटियान गाँव में स्थापित किया गया है। जहाँ विभिन्न प्रकार के मसाले जैसें-जीरा, धनिया, सौंफ व अन्य बीज-मसालों की पूर्व सफाई, ग्रेडिंग, रंग छँटाई, पीसने और पैकेजिंग का काम पूरा किया जायेगा।

2046. निम्नलिखित में से कौन सा उपक्रम राजस्थान सरकार का नहीं है?

(a) दी हाई-टेक प्रिंसिज़न ग्लास लिमिटेड-धौलपुर
(b) राजस्थान स्टेट केमिकल लिमिटेड-डीडवाना
(c) सांभर सॉल्ट्स लिमिटेड
(d) गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (c) : ''सांभर सॉल्ट्स लिमिटेड'' पूर्णतः भारत सरकार का उपक्रम है। इस उपक्रम में राजस्थान सरकार की हिस्सेदारी नहीं है। इसकी स्थापना 1964 ई. में की गई थी। सांभर झील राजस्थान की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है। इस झील से प्रतिदिन लगभग 50 टन नमक का उत्पादन होता है।

2047. कौन सा (औद्योगिक पार्क-स्थान) सही सुमेलित नहीं है?

(a) चमड़ा पार्क-अचरोल
(b) जापानी पार्क-नीमराना (अलवर)
(c) स्टोन पार्क-धौलपुर
(d) होज़री पार्क-चोपंकी

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22